>

Title: Need to construct Railway over-bridges at manned railway crossings near Sadulpur and Ratangarh railway stations under North Western Railway Zone.

श्री राम सिंह कस्वां (चुरू): उत्तर पश्चिम रेलवे के सादुलपुर स्टेशन के पूर्व व पश्चिम साइड व रतनगढ़ स्टेशन के पूर्व साइड में मानव सहित समपारों पर ऊपरी पुल निर्माण की मांग काफी समय से की जा रही है। आज भी ये रेलवे क्रॉसिंग काफी समय तक बंद रहते हैं। दिल्ली-बीकानेर लगभग सौ वर्ष पुरानी रेल लाइन है। पूर्व में यह मीटरगेज रेल लाइन थी। अब आमान-परिवर्तन से कार्य पूर्ण हो चुका है। ब्रॉडगेज गाड़ियां भी चालू हो गई हैं। अगले 6 माह में बीकानेर तक भी आमान परिवर्तन का कार्य पूर्ण हो जायेगा। तब इन समपारों पर और भी लम्बी लम्बी वाहनों की लाइनें लग जायेगी। आम आदमी के लिए यह बहुत ही कष्टदायक होगा। आधा शहर रेल लाइनों के दोनों तरफ आबाद है। सादुलपुर रेलवे स्टेशन के पूर्व साइड में रेलवे क्रासिंग की स्थिति और भी खराब है। सादुलपुर-पिलानी जयपुर का यह बहुत ही व्यस्त मार्ग है। रैफरेल हॉस्पिटल, कॉलेज आदि शिक्षण संस्थाओं में आने के लिए रेलवे क्रॉसिंग को पार करना पड़ रहा है। आज रेलगाड़ियां कम चल रही हैं तब भी यह फाटक 7-8 घंटे बंद रहता है। जब लम्बी दूरी की गाड़ियों का संचालन शुरू होगा तब तो स्थिति और भी विकट हो जायेगी। रेलवे मानदण्डों के अनुसार भी यहां उपरी रेल पुल का निर्माण आवश्यक है।

मेरा सरकार से आग्रह है कि जनता की मांग व इस क्षेत्र की आवश्यकता को देखते हुए सादुलपुर व रतनगढ़ स्टेशनों के पूर्व साइड में रेलवे क्रॉसिंग पर उपरी पुल का निर्माण किया जाये।